**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**
**(हिंदी अनुभाग)**

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.4-1/2021-हिं.अ. दिनांक: 22.06.2021

**परिपत्र**

**विषय: संस्थान में कार्यरत नियमित डाटा एंट्री ऑपरेटरों/कनिष्ठ प्रशासनिक सहायकों को हिंदी शिक्षण योजना के तहत हिंदी टंकण के ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु नामित करने संबंधी।**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में कार्यरत नियमित डाटा एंट्री ऑपरेटरों/कनिष्ठ प्रशासिनक सहायकों को भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की हिंदी शिक्षण योजना के तहत प्रतिवर्ष अनिवार्य हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित किया जाता है। संस्थान द्वारा अगस्त, 2021 से प्रारंभ होने वाले ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र हेतु डाटा एंट्री ऑपरेटरों/ कनिष्ठ प्रशासनिक सहायकों को टंकण प्रशिक्षण की ऑनलाइन कक्षाओं में नामित किया जाना प्रस्तावित है।

कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न परिस्थिति को देखते हुए हिंदी शिक्षण योजना द्वारा हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण प्रशिक्षण ऑनलाइन संचालित किए जा रहे हैं। इस संबंध में सूचित करना है कि हिंदी शिक्षण योजना (मध्योत्तर), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के अंतर्गत हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण तथा हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण केन्द्रों पर हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण को ऑनलाइन दीर्घकालिक प्रशिक्षण का आगामी सत्र अगस्त, 2021 से प्रारंभ होगा।

विभिन्न केन्द्रों के प्रमुखगण तथा विभागों/अनुभागों के अध्यक्षगण, अधिकारीगण एवं संकाय-सदस्यगण स्वैच्छिक रूप से अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों को अनिवार्य हिंदी टंकण की ऑनलाइन कक्षाओं में प्राथमिकता के आधार पर नामांकित करने की सिफारिश कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण से संबंधित विवरण निम्न प्रकार है:-

1. हिंदी टंकण प्रशिक्षण सत्र अगस्त, 2021 से जनवरी, 2022 तक कुल 6 माह का होगा तथा इस प्रशिक्षण में डाटा एंट्री ऑपरेटरों, कनिष्ठ प्रशासनिक सहायकों आदि को हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित किया जा सकता है।
2. हिंदी टंकण प्रशिक्षण की कक्षाएं कार्यालय समय में (शनिवार को छोड़कर) प्रतिदिन एक घंटे की होती हैं।
3. ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए नामित किए जाने वाले अधिकारी/कर्मचारी अपने कार्यालय से ही प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की प्रतिदिन ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाएंगी। सभी कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने कार्मिकों को कार्यालय में उपलब्ध संसाधनों, यथा-डेस्कटॉप/लैपटॉप, वेबकैम, हैडफोन, इंटरनेट आदि का उपयोग करने एवं हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण का अभ्यास करने के लिए पर्याप्त समय देने की अनुमति प्रदान करें।

जारी–2/-

4. नामित कर्मचारियों को प्रशिक्षण अवधि में कक्षा में ऑनलाइन उपस्थित होना व उसकी समाप्ति पर परीक्षा में बैठना अनिवार्य होगा और कक्षा में ऑनलाइन गैर-हाजिरी को कर्तव्य की अवहेलना माना जाएगा।
5. नामित कर्मचारी को हिंदी टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करने पर एक वर्ष की अवधि के लिए एक अग्रिम वेतन वृद्धि के बराबर वैयक्तिक वेतन प्रदान किया जाता है।
6. हिंदी टंकण की परीक्षा में 97%, 95% एवं 90% अंक प्राप्त करने पर संबंधित कर्मचारी को संस्थान की ओर से क्रमश: ₹5,000/-, ₹3,000/- एवं ₹2,000/- के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय नकद पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।
7. अंग्रेजी टंकण जानने वाले कर्मचारी यदि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपना सरकारी कार्य अंग्रेजी के अतिरिक्त हिंदी में भी टाइपिंग करते हैं तो उन्हें संस्थान की ओर से नियमानुसार ₹1000/- प्रतिमास विशेष प्रोत्साहन भत्ता प्रदान किया जाता है।

संस्थान के विभिन्न केन्द्रों के प्रमुखगण तथा विभागों/अनुभागों के अध्यक्षगण, अधिकारीगण एवं संकाय-सदस्यगण अपने अधीन कार्यरत जिन नियमित डाटा एंट्री ऑपरेटरों/कनिष्ठ प्रशासनिक सहायकों आदि को स्वेच्छा से उपर्युक्तानुसार अनिवार्य हिंदी टंकण प्रशिक्षण की ऑनलाइन कक्षाओं में प्राथमिकता के आधार पर नामित करवाना चाहते हैं, वे कृपया संलग्न प्रपत्र में ऐसे कर्मचारीगण के नाम इस परिपत्र के जारी होने की तारीख से 15 दिनों के अंदर हिंदी अनुभाग को उपलब्ध करा दें। उक्त आवेदन-पत्रों पर भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को अनिवार्य हिंदी आशुलिपि/टंकण प्रशिक्षण हेतु जारी नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी ।

प्रेम सिंह 22.06.2021

**(प्रेम सिंह तोमर)**
**वरिष्ठ हिंदी अधिकारी**

**वितरण:** - सभी विभाग/अनुभाग/केन्द्र।

**प्रतिलिपि:-**

1. निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक/अनुसंधान/परीक्षा)/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
2. उप-निदेशक (प्रशासन)।
3. वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव ।
4. मुख्य प्रशासन अधिकारी/अधीक्षण अभियंता/वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
5. सभी नोडल राजभाषा अधिकारी।
6. उप-निदेशक (कम्प्यूटर सुविधा) - इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त परिपत्र को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।

**<u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान</u>**

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

**संस्थान में कार्यरत नियमित डाटा एंट्री ऑपरेटरों / कनिष्ठ प्रशासनिक सहायकों आदि को हिंदी <u>शिक्षण योजना के तहत हिंदी टंकण के ऑनलाइन प्रशिक्षण में नामित करने हेतु नामांकन प्रपत्र।</u>**

हिंदी अनुभाग के दिनांक 22.06.2021 के परिपत्र सं. 4-1/2021-हिं.अ. के संदर्भ में ---------------------------------------------------------------------- विभाग/अनुभाग/केन्द्र में कार्यरत श्री/सुश्री ------------------------------------------- पदनाम ---------------------------, को भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की हिंदी शिक्षण योजना के तहत अगस्त, 2021 से आरंभ होने वाले सत्र में हिंदी टंकण के ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु प्राथमिकता के आधार पर नामित किए जाने की सिफारिश की जाती है। यहां पर यह भी स्पष्ट किया जाता है कि हिंदी टंकण प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त कार्यालय में हिंदी के कामकाज को बढ़ावा देने हेतु उक्त कर्मचारी की सेवाएं उपयोगी होंगी।

**सिफारिश करने वाले अधिकारी/संकाय: --------------------------**
**के मोहर सहित हस्ताक्षर**

**हिंदी अनुभाग**
**<u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान</u>**

प्राप्त किया / RECEIVED
कम्प्यूटर सुविधा / Computer Facility
22 JUN 2021
समय / Time 4Pm
A.I.I.M.S. New Delhi-29

23/6/21

Ms. Ankita, pl. upload.

Aman

24/06.